**भारत सरकार**
**वित्त मंत्रालय**
**व्यय विभाग**

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1036**

**जिसका उत्तर मंगलवार, 28 जुलाई, 2026 को दिया जाना है**
**6 श्रावण, 1948 (शक)**

# “आठवां केंद्रीय वेतन आयोग”

**1036: श्री जावेद अली खान**

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आठवें केंद्रीय वेतन आयोग (सीपीसी) द्वारा अब तक आयोजित बैठकों की संख्या का विवरण क्या है;

(ख) अब तक जिन कर्मचारी संघों से परामर्श किया गया है, उनका संघवार विवरण क्या है;

(ग) क्या कर्मचारी संघों ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के लिए फिटमेंट फैक्टर की गणना हेतु परिवार की इकाइयों की संख्या 3 से बढ़ाकर 5 करने तथा कर्मचारियों के माता-पिता को भी इसमें शामिल करने की मांग की है;

(घ) यदि हां, तो उसका विवरण क्या है तथा इस संबंध में आयोग अथवा सरकार की क्या प्रतिक्रिया है; और

(ङ) आयोग द्वारा अपनी रिपोर्ट सरकार के विचार तथा कार्यान्वयन हेतु कब तक प्रस्तुत किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री पंकज चौधरी)**

(क) से (घ): सरकार ने आठवें केंद्रीय वेतन आयोग के गठन तथा उसके विचारार्थ विषयों (टीओआर) सहित दिनांक 03.11.2025 का संकल्प अधिसूचित किया है। दिनांक 03.11.2025 के संकल्प में यह प्रावधान है कि आठवां केंद्रीय वेतन आयोग अपनी कार्यप्रणाली स्वयं निर्धारित करेगा। आयोग के विचारार्थ विषयों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि आयोग अपने विचार-विमर्श के दौरान हुई प्रगति, विचाराधीन सिफारिशों की प्रकृति अथवा अपनी परामर्श प्रक्रिया के बारे में सरकार को अद्यतन जानकारी देता रहे।

(ङ): दिनांक 03.11.2025 के संकल्प के अनुसार, आठवां केंद्रीय वेतन आयोग अपने गठन की तारीख से 18 माह के भीतर अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगा।

*****